रणजीत टाइम्स
वर्ष : 1, अंक: 132 इंदौर, बुधवार 21 मई 2025
RNI-NO.MPHIN/2015/64585
DIGITAL EDITION

# सकारात्मक ऊर्जा ( पॉजिटिव एनर्जी ) के संचार का प्रत्यक्ष अनुभव है सहजयोग

**रंजीत टाइम्स**

सहजयोग संस्थापिका परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी जी के अनुसार सहजयोग कोई नया मार्ग, धर्म या विधा नहीं बल्कि शास्त्रों में वर्णित जटिल सैद्धांतिक प्रक्रिया का सरल प्रायोगिक स्वरूप है। वेद, पुराण, गीता, उपनिषद आदि में जिस ज्ञान, भक्ति, सांख्य व योग आदि का संस्कृत भाषा में वर्णन



है वह सामान्य मनुष्यों के लिए समझ पाना अत्यंत कठिन कार्य है तथा अनुवादकों ने भी इस ज्ञान को अपने अपने दृष्टिकोण से अनुवादित किया है। इससे कई प्रकार के भ्रम उत्पन्न होते हैं परंतु श्री माताजी ने विस्तार से इन विषयों को अपनी अमृतवाणी में वर्णित किया है वह भी अत्यंत सहज भाषा में। जो भी जिज्ञासु व सत्य की खोज करने वाले साधक हैं उन्हें अपने सभी प्रश्नों का हल श्री माताजी की अमृतवाणी में अवश्य ही प्राप्त होता है। सहज योग एक जीवन्त प्रक्रिया है जिसे हम अपने स्पंदनओं (वाइब्रेशन) के द्वारा स्वयं अनुभव कर सकते हैं। जब व्यक्ति इन प्रक्रियाओं को समझता है तो पाता है कि सभी धर्मों में वाइब्रेशंस का वर्णन है। मोहम्मद साहब, गुरु नानक देव जी, जीजस क्राइस्ट सभी ने इन्हीं वाइब्रेशंस, परम चैतन्य तथा परम शक्ति का वर्णन किया है। आज के समय में सभी सकारात्मकता व नकारात्मकता की बात करते हैं इन विषयों पर ढेरों किताबें भी छपी हैं, परंतु कोई भी प्रभावी तरीके से यह नहीं समझा सकता कि पॉजिटिव एनर्जी के संचार से हम किस प्रकार जुड़ सकते है। या अपने आसपास की एनर्जी को कैसे समझा जा सकता है परंतु सहज योग में प्रत्येक उर्जा को चाहे वह नकारात्मक है या सकारात्मक हम अपनी उंगलियों पर, हथेलियों पर विवेक द्वारा सहज ही पहचान सकते हैं। सहज योग भौतिकता में रहते हुए आत्मिक अनुभव का योग है। यह व्यक्ति को अंतःकरण से स्वच्छ कर पवित्र बना देता है। बस एक शुद्ध व पूर्ण समर्पण के साथ अपने दोनों हाथ खोलकर श्री माताजी के समक्ष खड़े होने की देर है और आप तत्क्षण उस परम अनुभूति से साक्षात हो जाते हैं, जिसके लिए कई जन्मों की तपस्या लगती है। यह अनुभव सहज योग में किसी एक व्यक्ति का नहीं वरन् लाखों लोगों का है। श्री माताजी की अनुकंपा से व्यक्ति मन व शरीर दोनों की स्वस्थता को सहज ही में प्राप्त कर लेता है। अतः प्रत्येक उस व्यक्ति को जो आत्मा का परमात्मा से संबंध स्थापित करने का इच्छुक है उसे आदिशक्ति श्री माताजी की सहजयोग रुपी अनमोल भेंट का अनुभव एक बार अवश्य करना चाहिए।

जब व्यक्ति आत्मा के ज्ञान को प्राप्त कर लेता है तथा कुंडलिनी शक्ति की जागृति होती है तो वह सहज स्वभाव में स्थापित हो जाता है। सहज व्यक्ति सदैव ही भयमुक्त, चिंतामुक्त व आनंद में मग्न रहता है। श्री माताजी की कृपा से प्रत्येक परिस्थिति में विवेक, बुद्धि, धैर्य से उचित निर्णय कर पाने की क्षमता को प्राप्त कर लेता है। सहजयोग से संबंधित जानकारी निम्न साधनों से प्राप्त कर सकते हैं। यह पूर्णतया निशुल्क है। टोल फ्री नं – 1800 2700 800 बेवसाइट - sahajayoga.org.in यूट्यूब चैनल – लर्निंग सहजयोगा

# यातायात पुलिस का "सघन जागरूकता अभियान" वाहन चालकों की सराहा भी, उल्लंघन करने पर कार्यवाही भी



**रंजीत टाइम्स**

## नम्बर प्लेट, ब्लैक फिल्म, हूटर, मोडिफाईड सायलेंसर, रॉंग साइड वाहन चलाने आदि नियमो का उल्लंघन पर 23,235 के बने चालान।

अभियान से प्रेरित होकर कई वाहन चालक जिम्मेदारी पूर्वक नियमों का पालन करने लगे हैं। इंदौर शहर के सुगम, सुरक्षित, सुखद यातायात हेतु नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक लाने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त, नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह व अतिरिक्त पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन व पुलिस उपायुक्त, यातायात प्रबंधन श्री अरविंद तिवारी के दिशा निर्देशन में यातायात प्रबंधन पुलिस द्वारा दिनाँक 27 मार्च से सघन यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं। इस अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा नियमों का पालन करने वाले वाहन चालको को फूल, चॉकलेट देकर सराहना की जा रही। जिम्मेदार वाहन चालकों द्वारा अभियान की प्रशंसा भी की गई। उन्होंने नियमो का पालन करने के फायदे भी बताए।

यातायात पुलिस के अधिकारियों द्वारा अपने क्षेत्र, चौराहों पर भ्रमण कर यातायात व्यवस्था में लगे कर्मचारियों/अधिकारियों को प्रति दिन दिशा निर्देश दिए जा रहे है। इस मुहिम के दौरान अभी तक बिना नंबर या स्टाइलिश नंबर प्लेट पर 6082, मोडिफाइड साइलेंसर का उपयोग करने वाले 223, अनाधिकृत हूटर 50, गलत दिशा में वाहन चलाने वाले 1343, तीन सवारी बैठाने वाले 735, रेड लाइट का उल्लंघन करने 3225, ब्लेक फ़िल्म 1150, शराब पीकर वाहन चलाने पर 69, वाहनों में इमरजेंसी लाइट का अनाधिकृत उपयोग पर 12 वाहनों, अन्य धाराओं में 10,346 चालान कुल 23235 चालान नियमो का उल्लंघन करने पर बनाये गए।

यातायात पुलिस द्वारा चौराहो पर माइक से अनाउंसमेंट कर वाहन चालकों से यातायात नियमों के पालन में सहयोग की अपील भी की गई। अभियान के दौरान यातायात प्रबंधन मित्रो द्वारा चौराहों पर सेवा दी जा रही। कई वाहन चालक जिम्मेदारी पूर्वक इस अभियान में सहयोग देते हुए, नियमो का पालन भी करने लगे है।

# उच्चायोग के अधिकारी को देश छोड़ने का आदेश..!




1. भारत ने नई दिल्ली स्थित स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग में कार्यरत वहां के एक अधिकारी को पर्सोना नॉन ग्राटा घोषित कर दिया है और उससे 24 घंटे में देश छोड़ने के लिए कहा है।

2. भारत ने यह कार्रवाई पाकिस्तानी अधिकारी के अपने कार्यक्षेत्र के इतर अन्य तरह की संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने के कारण की है।

3. इस संदर्भ में आज पाकिस्तान उच्चायोग के कार्यवाहक उच्चायुक्त को एक कड़ा आधिकारिक विरोध पत्र जारी किया गया। उन्हें स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया कि पाकिस्तान के कोई भी राजनयिक या अधिकारी भारत में अपने विशेषाधिकारों और दर्जे का किसी भी प्रकार से दुरुपयोग न करें।

## लव जिहाद से पीड़ित रिटायर्ड पुलिसकर्मी के पुत्र ने खाया जहर

**रंजीत टाइम्स**

पीड़ित की पत्नी को मकसूद पिता अयूब खान ने फसाया लव जिहाद में  पीड़ित युवक की पत्नी का जिम जाने के दौरान हुई थी मकसूद खान से दोस्ती पीड़ित ने वीडियो बनाया व सुसाइड नोट लिखा  पीड़ित युवक गंभीर स्थिति भंडारी हॉस्पिटल में एडमिट।

## इंदौर परदेशीपुरा थाने में पदस्थ पुलिसकर्मी ने लगाई फांसी



**रंजीत टाइम्स**

इंदौर परदेशीपुरा थाने पर पदस्थ हेड कांस्टेबल विनोद यादव ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । पुलिसकर्मी एमआईजी थाने के पीछे बने सरकारी क्वार्टर में रहता था । घटना की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे है । फिलहाल आत्महत्या कारणों का खुलासा नहीं हुआ है ।

# मोदी सरकार का मेगा कदम

## भारत में बनेंगे 112 क्रूड ऑयल टैंकर, 85,000 करोड़ की निवेश योजना




**विदेशी जहाजों पर निर्भरता घटाने के लिए मोदी सरकार 85,000 करोड़ (लगभग $10 बिलियन) का निवेश कर 112 क्रूड ऑयल टैंकर भारत में ही बनाएगी। यह योजना 'मेक इन इंडिया' अभियान के तहत लाई जा रही है।  पहले 10 जहाजों का ऑर्डर जल्द दिया जाएगा। लक्ष्य: 2047 तक 69% टैंकर फ्लीट में आत्मनिर्भरता हासिल करना।**

# देवेंद्र ढिल्लों का बड़ा खुलासा – मैडम 'X' ने हनी ट्रैप में फंसाया, ISI ने किया जासूसी के लिए मजबूर

**प्रवेश सिंह, विशेष रिपोर्ट**

-जासूसी कांड में हरिणाया के कैथल से पकड़े गए देवेंद्र सिंह ढिल्लों ने बहुत बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तानी ISI एजेंट ने हनी ट्रैप में फंसाकर उनसे जासूसी कराई और उनके निशाने पर कई अन्य सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स भी हैं। बता दें कि हनी ट्रैप पर देवेंद्र सिंह ढिल्लों ने कबूलनामा भी दिया है। देवेंद्र ढिल्लों का बड़ा खुलासा – मैडम 'X' ने हनी ट्रैप में फंसाया ... ISI ने किया जासूसी के लिए मजबूर आरोपियों से पूछताछ में सामने आ रही जानकारी चिंता बढ़ाने वाली है। किसी को लालच से तो किसी को हनी ट्रैप के जरिये जासूसी के जाल में फंसाया गया।

देवेंद्र ने बताया कि वह नवंबर, 2024 में करतारपुर कारिडोर के रास्ते पाकिस्तान स्थित ननकाना साहिब गया था। वहां वह आईएसआई के संपर्क में आया।

ढिल्लों ने बताया- "मैं करीब 3000 लोगों के जत्थे के साथ करतारपुर कॉरिडोर गया था जिसमें करीब 125 लोग हरियाणा के रहने वाले थे. हम बाघा बॉर्डर पहुंचने पर एक स्कॉट से मिले और तब मेरी मुलाकात विक्की नाम के पाकिस्तानी नागरिक से हुई। मुझे नहीं पता था कि यह ISI के लिए काम करता है। विक्की ने मुझे काफी मदद की मुझे काफी घुमाया फिर पूजा करवाई फिर हम लोग लाहौर पहुंचे वहां विक्की ने मेरी मुलाकात एक शख्स अरसलान से करवाई। " वहां से हम एक होटल में भी गए जहाँ अरसलान की एक महिला दोस्त भी मौजूद थी। मेरी वहां पर उससे बातचीत हुई और हम लोगों ने एक दूसरे का नंबर एक्सचेंज किया। उस पाकिस्तानी युवती के साथ मैं करीब एक सप्ताह तक रहा था। भारत लौटने के बाद भी लड़की के संपर्क में रहा था। इसके बाद एजेंट के कहने पर पटियाला आर्मी कैंप सहित अन्य स्थानों की फोटो पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी को भेजी। अपने फोन से स्नैपचैट व वॉट्सऐप पर बात करता था।



**ढिल्लों ने बताया**

"मैं करीब 3000 लोगों के जत्थे के साथ करतारपुर कॉरिडोर गया था जिसमें करीब 125 लोग हरियाणा के रहने वाले थे. हम बाघा बॉर्डर पहुंचने पर एक स्कॉट से मिले और तब मेरी मुलाकात विक्की नाम के पाकिस्तानी नागरिक से हुई। मुझे नहीं पता था कि यह ISI के लिए काम करता है। विक्की ने मुझे काफी मदद की मुझे काफी घुमाया फिर पूजा करवाई फिर हम लोग लाहौर पहुंचे वहां विक्की ने मेरी मुलाकात एक शख्स अरसलान से करवाई। " वहां से हम एक होटल में भी गए जहाँ अरसलान की एक महिला दोस्त भी मौजूद थी। मेरी वहां पर उससे बातचीत हुई और हम लोगों ने एक दूसरे का नंबर एक्सचेंज किया। उस पाकिस्तानी युवती के साथ मैं करीब एक सप्ताह तक रहा था। भारत लौटने के बाद भी लड़की के संपर्क में रहा था। इसके बाद एजेंट के कहने पर पटियाला आर्मी कैंप सहित अन्य स्थानों की फोटो पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी को भेजी। अपने फोन से स्नैपचैट व वॉट्सऐप पर बात करता था। देवेंद्र पटियाला के खालसा कॉलेज में एमए प्रथम वर्ष का छात्र है, लेकिन 11 मार्च से कॉलेज नहीं गया था। प्रिंसिपल डॉ. धरमिंदर सिंह ने कहा कि देवेंद्र का व्यवहार सामान्य था और उसकी गतिविधियों पर कोई शक नहीं हुआ। उस लड़की का इंस्टाग्राम का आईडी भी ढिल्लों के पास था लेकिन जब वह भारत वापस आ गया तो उस लड़की ने देवेंद्र को ब्लॉक कर दिया।

ढिल्लों ने बताया-विक्की ने मुझे एक भारतीय फोन नंबर जिसमें QR कोड चल रहा था, उस पर 1500 डालने के लिए कहा यह बोलकर की एक गरीब की मदद हो जाएगी। मैंने 1500 उसे भारतीय QR नंबर पर डाल दिए। मैंने विक्की से खुद भी संपर्क किया था और करतारपुर में पूजा करने के लिए रिक्वेस्ट की थी फिर विक्की ने मुझे एक दिन कहा कि तुम मुझे एक भारतीय सिम मुहैया करवा दो। " अब सुरक्षा एजेंसियां उस भारतीय सिम नंबर जी तफ्तीश कर रही हैं पता लगा रही हैं कि उस नंबर का इस्तेमाल कौन कर रहा है। साथ ही देवेन्द्र सिंह ढिल्लो के बयानों की भी तस्दीक की जा रही है। कैसे पकड़ा गया देवेंद्र दरअसल, 11 मई को गुहला थाने में एक सिक्योरिटी एजेंट ने शिकायत दर्ज की थी कि देवेंद्र ने फेसबुक पर पिस्तौल और बंदूकों के साथ तस्वीरें साझा की हैं, जबकि उसके पास हथियारों का लाइसेंस नहीं है। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने 13 मई को देवेंद्र को हिरासत में लिया और दो दिन के रिमांड पर पूछताछ शुरू की। जांच के दौरान उसके मोबाइल फोन से पाकिस्तान को संवेदनशील सूचनाएं भेजने के सबूत मिले जिसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया।

**कौन है मैडम X जिसके जाल में फंसे कई नौजवान**

जांच के दौरान पता चला कि देवेंद्र को जिस लड़की ने अपने जाल में फंसाया उसने पहले भी कई भारतीय नौजवानों को अपने जाल में फंसाया है और जासूसी करवाने के लिए मजबूर करने की भी कोशिश की है। इतना ही नही, हनी ट्रैप ISI की साजिश का सबसे अहम हिस्सा है। ISI ने इससे पहले भी कई भारतीय मूल के लोगों को हनी ट्रैप करने की कोशिश की है। कई बार ISI के एजेंट सोशल मीडिया पर लड़की का फर्जी प्रोफाइल बनाकर लोगों को हनी ट्रैप करने की कोशिश करते हैं। बता दें कि पाकिस्तानी जासूस देवेंद्र सिंह ढिल्लों के तीन बैंक खातों की भी जांच की जा रही है। पाकिस्तान ने देवेंद्र को अपने साथ ज्यादा से ज्यादा युवाओं को जोड़ने के लिए कहा था। पाकिस्तानी एजेंटों ने उसे विश्वास दिलाया हुआ था कि कभी भी पैसे की जरूरत हो तो मांग लेना।

रणजीत टाइम्स
इंदौर, बुधवार 21 मई 2025
03
DIGITAL EDITION

# मुख्यमंत्री का सफलता के मंत्र संबोधन कॉलेज में लाइव

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में विद्यार्थियों ने देखा प्रेरणादायक प्रसारण

दीपक तोमर

खरगोन। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस खरगोन में 21 मई को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा युवाओं के लिए दिए गए सफलता के मंत्र विषयक प्रेरणादायी संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया। इस आयोजन का संचालन प्राचार्य डॉ. शैल जोशी के निर्देशन में किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का यह संबोधन उन विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से आयोजित किया गया था, जो आगामी समय में आयोजित होने वाली सिविल सेवा परीक्षाओं सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अपने अनुभव साझा करते हुए सफलता प्राप्त करने के व्यावहारिक मंत्र दिए,



जिससे छात्र-छात्राओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ। सिविल सेवा में मध्य प्रदेश से चयनित अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।प्राचार्य डॉ. जोशी ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन न केवल विद्यार्थियों के मनोबल को ऊँचा उठाते हैं, बल्कि उन्हें लक्ष्य के प्रति केंद्रित रहने की प्रेरणा भी देते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री के संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस लाइव प्रसारण में छात्र-छात्राएं, प्राध्यापकगण एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहा। इस कार्यक्रम को दूरदर्शन, यू-ट्यूब लाइव और ट्विटर के माध्यम से प्रोजेक्टर पर भी दिखाया गया।



## इंदौर में ड्रेनेज कर्मचारी से 20 हजार की रिश्वत मांगी :लोकायुक्त ने निगम अधीक्षक को वर्ल्ड कप चौराहे पर रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कसरावद द्वारा स्व. राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि

शिवकुमार राठौड़ कसरावद

कसरावद.ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कसरावद द्वारा कांग्रेस की उपस्थिति में आज 21 मई को स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथी पर उन्हें याद कर पुष्पांजलि अर्पित की । स्व. राजीव गांधी को याद करते हुए राजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि उनकी दूरदृष्टि और अंतिम कतार तक प्रगति और उन्नति की योजनाओं को मूर्त रूप प्रदान कर शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और संचार सेवाओं में क्रांति आई । उनके अमूल्य योगदान को देशवासी सदैव याद रखेंगें । इस अवसर पर कसरावद नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेन्द्र सिंह यादव, अनिल यादव, डॉ. शिरिष जायसवाल, इंदर सिंह राठौर, अजय मण्डलोई, विनोद नामदेव, पार्षद सईद हेडली, रईस कुरैशी, इम्तियाज खान, परमानंद खेड़े, भगवान सोलंकी, फिरोज खॉन, सुनील प्रजापत, नवीन रायली उपस्थित थे ।



# प्रभारी मंत्री का पहली बार बड़वानी जिले में हुआ आगमन

## भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया जिले में प्रवेश भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया पुष्पमाला से भव्य स्वागत



शिवकुमार राठौड़

**ठीकरी. बड़वानी जिले में पहली बार आगमन पर मध्यप्रदेश के कौशल विकास रोजगार विभाग के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री और बड़वानी जिले के प्रभारी मंत्री डॉक्टर गौतम टेटवाल के आगमन पर भाजपा के जिला अध्यक्ष अजय यादव खरगोन बड़वानी लोकसभा सांसद गजेंद्र सिंह पटेल ठीकरी के मंडल अध्यक्ष गजेंद्र पटेल ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ठीकरी के पुराने बस स्टैंड पर स्थित बाबा भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर प्रभारी मंत्री गोतम टेटवाल का कार्यकर्ताओं के द्वारा पुष्पमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।**

वही पत्रकारों से चर्चा करते हुए मंत्री गोतम टेटवाल ने बताया की माँ रेवा ओर माँ अहिल्या की इस भूमि पर स्थित भगवान महावीर ने मुझे आमंत्रित किया है। वही बड़वानी जिले में जनजातीय समाज रहता है जिसके साथ काम करने का अवसर मिला है। वही जो बड़वानी जिले की हम विधानसभा की तीन सीटे कुछ अंतर से हारे है। आने वाले समय मे हम बड़वानी जिले कि सभी सीटें जीतेंगे वही उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ओर विजय शाह द्वारा सेना को लेकर की गई टिप्पणी पर जवाब देते हुए कहा की उनके बयानों को तोड़ मरोड़ कर पेश किया गया है। मामला अभी कोर्ट में है। हम कोर्ट का सम्मान करते है। जो निर्णय होगा वो हमें सर्वमान्य है। वही सांसद गजेंद्र पटेल ने कहा की ठीकरी को ठीकरा बनाने का काम कोंग्रेस ने किया है। जिसको दुरुस्त करने का काम भारतीय जनता पार्टी करेगी।

# सैनिकों के सम्मान में गिरते पानी में निकाली तिरंगा यात्रा

**आशीष शर्मा**

सनावद-सनावद समीप ग्राम बांगड़दा में भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सेना के शौर्य और साहस के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा में सभी देशप्रेमी शामिल हुए।तिरंगा यात्रा के दौरान बारिश शुरू हो गई फिर भी तिरंगा यात्रा जारी रही आखिर बारिश को बंद होना पड़ा लेकिन देशभक्तों के कदम नहीं रुके ।मंडल अध्यक्ष सोहन यादव ने कहा पिछले दिनों पाकिस्तानी आतंकियों ने पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों को धर्म पूछकर गोलियां मार दी थी उसी जवाबी कार्यवाही में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा ऑपरेशन सिंदूर चलाया जिसके तहत सभी सेनाओं को खुली छूट दी गई जिसके फलस्वरूप भारतीय




सेना ने खुलकर आतंकियों के घर में घुसकर आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया नया भारत मोदी जी के नेतृत्व में काम कर रहा हे जो किसी को छेड़ता नहीं हे ओर कोई छेड़ता हे तो उसे छोड़ता भी नहीं ऑपरेशन सिंदूर के बाद से हर भारतवासी को यकीन हो गया हे कि भारत देश यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में पूरी तरह सुरक्षित है मोदी हे तो मुमकिन हे इस दौरान सरपंच गबु मालाकार चिंताराम भोमारे ओम पटेल प्रिंसिपल केके डोंगरे उपसरपंच सुरेंद्र मालाकार महामंत्री द्रय कालू सोनी,राम मुकाती मंगलसिंह पंवार महिपाल सोलंकी नंदकिशोर मालाकार कृष्णा पटेल महेंद्रसिंह सोलंकी अश्विन खेड़े लखन बिरला सोहन पटेल रूपेश चौहान ललित मालाकार दीपक सोलंकी कमलेंद्र सिंह पंवार भैयालाल जवरा सभी देशप्रेमियों ने मिलकर सैनिक मालाकार रिटायर्ड सैनिक मनमोहन पाल, तथा पुलिसकर्मियों का श्रीफल और पुष्पहार से स्वागत सम्मान करके तिरंगा यात्रा का समापन भारत माता मंदिर में किया।

# विद्यार्थी पढ़ाई को प्रेशर न बनाए और नशे पर प्रेशर से रोक लगाएं

**तकनीकी शिक्षा कौशल विभाग द्वारा मानसिक स्वास्थ्य एवं नशे से दूरी पर सेमिनार आयोजित लियो क्लब सनावद कौशल के माध्यम से भी छात्र ही करेंगे जागरूक।। पिन और चार्टर प्रदान किया**

**आशीष शर्मा**



सनावद- तकनीकी शिक्षा,कौशल विकास विभाग मध्यप्रदेश द्वारा सोशल हेल्थ क्लब कार्यक्रम अंतर्गत शास पॉलिटेक्निक कॉलेज सनावद में विद्यार्थियों की विभिन्न मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं, डिप्रेशन,उच्च मार्क्स का प्रेशर,आत्महत्या के विचार एवं नशीले पदार्थ से संबंधित अपराधों समस्याओं का समाधान बचने की कोशिश आदि विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया।साथ ही अन्य यूथ विंग के साथ संस्था के छात्र-छात्राओं को जोड़कर लियो क्लब सनावद कौशल के अंतर्गत भी छात्र जागरूकता कार्यक्रम अन्य सामाजिक व सेवा कार्यों के साथ लायंस क्लब के साथ समन्वय से किए जाते रहेंगे।। उक्त बात जोन चेयरपर्सन जाकिर हुसैन अमी ने प्राचार्य सी जी प्रकोलय के साथ विद्यार्थियों को पिन भेंट करते हुए कही। लियो चार्टर एवं सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया।शास हॉस्पिटल प्रमुख डॉक्टर हंसा पाटीदार द्वारा छात्र छात्राओं को विस्तृत रूप से संबोधित कर जानकारी दी गई।छात्राओं से आपने पृथक से चर्चा कर समस्याओं पर वैचारिक आदान प्रदान किया। डॉक्टर कमलेश चौधरी द्वारा नशा मुक्ति एवं स्वस्थ जीवन के सूत्र बताए गए।आयुर्वेदाचार्य अनिल चौधरी द्वारा पॉजिटिव लाइफ एवं मोटिवेशन पर विचार साझा किए गए। कॉलेज के विभाग प्रमुख के.के गाडगे,मनदीप सुराली सहित राजिल नाइक एवं अन्य स्टॉफ सहित विभिन्न संकाय के छात्र उपस्थित थे।।

# रामादल के दस दिवसीय संस्कार शिविर का शुभारंभ

**राजेश धाकड़**

**डॉ. अंबेडकर नगर (महू)।**

रामा सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धर्म जागरण समिति (रामादल) द्वारा आयोजित दस दिवसीय संस्कार शिविर का शुभारंभ मंगलवार को चौपड़ा वाटिका, महू में किया गया। यह शिविर समिति द्वारा समाज में भारतीय संस्कृति, संस्कारों और विचारों के प्रसार हेतु विगत तीन वर्षों से आयोजित किया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष श्री लोकेश शर्मा ने बताया कि शिविर में बच्चों को प्रतिदिन प्रातः 6:30 से 9:00 बजे तक विभिन्न सत्रों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा। कुल छह सत्रों में योग, सूर्य नमस्कार, पारंपरिक भारतीय खेल, दंड संचालन, संस्कृत श्लोक, बौद्धिक चर्चा, प्रेरणादायक कहानियां और देशभक्ति गीतों का अभ्यास कराया जाएगा। इस बार शिविर में 200 से अधिक शिविरार्थियों ने पंजीयन कराया है, जिनके मार्गदर्शन हेतु 15 शिक्षक नियुक्त किए गए हैं।



शिविर का उद्घाटन वरिष्ठ पत्रकार, शिक्षाविद एवं समाजसेवी श्री ओमप्रकाश ढोली ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने महू के ऐतिहासिक महत्व और सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डालते हुए शिविरार्थियों को प्रेरित किया। शिविर के शुभारंभ अवसर पर कई गणमान्य अतिथि एवं संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से: मुकेश कौशल (प्रांत संगठन मंत्री, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत) राजीव खंडेलवाल (वरिष्ठ समाजसेवी व शिविर संरक्षक)श्रीमती साधना शर्मा (सचिव)अशोक कापड़े (उपाध्यक्ष) पं. विकास शर्मा (कोषाध्यक्ष सत्यनारायण परमार (सहसचिव) सहित अन्य सक्रिय सदस्य विनोद गर्ग, (सेनि.) कर्नल अनुराग शुक्ला, राजू पाटिल, आशीष दुबे, विशाल बियाणी, बसंत मोर्य, हुक्मचंद गर्ग, सरदार इंदर सिंह, पं. आशीष शर्मा, आशीष ठाकुर, श्रीकांत भार्गव, मनोज बाबा, संतोष चौहान, दीपक इच्छुनकर, दीपक वर्मा, अधिवक्ता अंकित परदेशी, नाना पाटीदार, महेन्द्र नीम, गोविन्द कौशल, सुमित जोशी, गौतम मोरे, मोनिका कौशल, नीता दादू, मंजूला श्रीवास्तव, निता सोनी, बबीता चौहान, महिमा यादव, सूर्यांशी अग्रवाल, अदिति कौशल, अमृता शर्मा आदि शामिल रहे। रामादल द्वारा आयोजित यह शिविर बच्चों में संस्कार, अनुशासन, देशप्रेम और सांस्कृतिक चेतना विकसित करने का एक सशक्त माध्यम बनता जा रहा है।

# थाना पिछोर पुलिस द्वारा अपराध क्र. 291/25 मे हत्या का प्रयास करने बाले आरोपी घनश्याम पाल को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया

**दैनिक रणजीत टाइम्स जगदीश पाल**

दिनांक 17.05.25 को फरियादी प्रभान पाल पुत्र मूंगाराम पाल उम्र 25 साल निवासी ग्राम लभेडा ने रिपोर्ट की थी कि आरोपी सुरेन्द्र पाल एवं उसके पिता घनश्याम पाल निवासी ग्राम लभेडा द्वारा खेत के पास नाले से बजरी भरने की बात को लेकर फरियादी प्रभान पाल उसकी माँ कपूरी पाल पत्नि कृष्णा पाल एवं बहन मालती पाल की जान से मारने की नियत से फागडे से चोट पहुंचा कर मारपीट की गई जिसमें पीडिता कपूरी पाल के सिर में गम्भीर चोट आयी उक्त रिपोर्ट पर से आरोपीगणों के विरूद्ध अपराध क्र. 291/25 धारा 109,118(1),296,351(3),3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी संजीव मुले के निर्देशन एवं एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में मुझ थाना प्रभारी पिछोर निरीक्षक जितेन्द्र सिंह मावई एवं थाने की गठित दो टीमों के द्वारा आरोपी सुरेन्द्र पाल पुत्र घनश्याम पाल उम्र 27 साल निवासी ग्राम लभेडा को कल दिनांक 17.05.25 को 20.35 बजे गिरफ्तार किया गया था जिसे दिनांक 18.05.25 को जेआर पर माननीय न्यायालय पेश किया गया जो उप जेल पिछोर में निरूद्ध है। प्रकरण का अन्य आरोपी घनश्याम पाल पुत्र बारेलाल पाल उम्र 58 साल निवासी ग्राम लभेडा को आज दिनांक 21.05.25 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पिछोर के समक्ष पेश किया गया माननीय न्यायालय द्वारा जेआर स्वीकृत किया गया एंव आरोपी को जेल दाखिल किया गया।



रणजीत टाइम्स
इंदौर, बुधवार 21 मई 2025

## सफेद मुसली की खेती के लिए मास्टर ट्रेनर्स को दिया गया प्रशिक्षण

दीपक तोमर

खरगोन।देवारण्य योजना के अंतर्गत आयुष विभाग द्वारा खरगोन जिले में एक जिला एक औषधि के लिए सफेद मूसली का चयन किया गया है। खरगोन जिले में सफेद मूसली की खेती को प्रोत्साहन देने के लिए आयुष विभाग द्वारा प्रयास किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में सफेद मूसली की खेती, संग्रहण, भण्डारण, प्रसंस्करण एवं विपणन के संबंध में जिला आयुष कार्यालय खरगोन के सभागार में मास्टर ट्रेनर्स को 20 एवं 21 मई को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रभारी जिला आयुष अधिकारी डॉ. संतोष मौर्य ने बताया कि कृषि विज्ञान केन्द्र खरगोन के वैज्ञानिक डॉ. एसके त्यागी द्वारा उद्यानिकी एवं वन विभाग के अधिकारियों को सफेद मूसली की खेती, भण्डारण, प्रसस्करण एवं विपणन के संबंधी में प्रशिक्षण दिया गया। इन मास्टर ट्रेनर्स द्वारा किसानों एवं इच्छुक लोगों को सफेद मूसली की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा और इसकी खेती कैसे की जाती है इसका प्रशिक्षण दिया जाएगा। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मूसली उत्पादक किसानों को मूसली के भण्डारण, प्रसंस्करण एवं बाजार के संबंध में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि सफेद मूसली का उपयोग आयुर्वेद में औषधि के रूप में किया जाता है। सफेद मूसली बाजार में महंगे दाम पर बिकती है। इसकी खेती से कम समय में अधिक मुनाफा कमाया जा सकता है। इसी कारण से किसानों एवं इच्छुक लोगों को सफेद मूसली की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।



सहज योग निशुल्क भी है और आसान भी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी हेतु टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 वेबसाइट www.sahajayoga.org.in

# वितरण होने से पूर्व प्रशासन ने गोदाम का किया निरीक्षण खराब गेहूं अलग रखवाया

## डिप्टी कलेक्टर ने कहा 715 कुंतल गेहूं करायगे अपग्रेट

दैनिक रणजीत टाइम्स

संवाददाता जगदीश पाल

पिछोर( शिवपुरी ) बुधवार दोपहर प्रभारी जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी व डिप्टी कलेक्टर ममता शाक्य तथा पिछोर अनुविभागीय अधिकारी शिवदयाल सिंह धाकड़ द्वारा कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी के आदेश पर ज्वाइंट वेंचर स्कीम के तहत खाद्यान्न रखने हेतु अधिग्रहण किए गए गोदामो का निरीक्षण किया गया जानकारी के अनुसार शासकीय उचित मूल्य की दुकानो पर खराब गेहूं चावल आदि पहुंचने को लेकर शिकायत मिलने पर पिछोर अनु विभाग के खनियाधाना अंतर्गत जुँगींपुर ग्राम पंचायत के सरिता वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया डिप्टी कलेक्टर ममता शाक्य तथा एसडीएम ने गोदाम के स्टॉक के साथ परिवहन तथा फाइलो को भी चेक किया मौके पर



लगभग 1400 कट्टे गेहूं अर्थात 700 कुन्टल गेहूं खराब पाया गया जिन्हें गोदामो में अलग रखवा दिया गया प्रभारी खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी ममता शाक्य ने जानकारी देते हुए बताया कि खोड तथा तिंधारी शासकीय उचित मूल की दुकान पर 4 से 5 कुंतल गेहूं खराब परिवहन हो गया था जिसे जानकारी मिलते ही वितरण होने से पूर्व ही वापस गोदाम पर मंगा लिया गया है वही पिछोर और बिरौली शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर लगभग 10 से 11 क्रुन्टल गेहूं वितरित होने से पहले ही रोक दिया गया है जिसे वापस गोदाम पर परिवहन करने की कार्यवाही जारी है उन्होंने बताया कि 700 क्रुन्टल गेहूं तथा उचित मूल की दुकान से वापस मंगाए गए अन्य खराब गेहूं को अपग्रेड किया जाएगा निरीक्षण के मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि 2025-26 उपार्जन का 20761 क्विंटल खाद्यान का स्टॉक में है तथा सीहोर से 4500 बोरी चावल तथा 9000 बोरी गेहूं का उठाव हो रहा है गोदाम के निरीक्षण में कनिष्क खाद एवं आपूर्ति अधिकारी जगदीप राजपूत शाखा प्रबंधक वेयरहाउस एमके अग्रवाल केंद्र प्रभारी दुष्यंत मांझी तथा प्रबंधक विपणन सहकारी संस्था पंकज गुप्ता आदि उपस्थित रहे

# गाजा को लेकर इस्राएल पर दबाव बना पाएगा यूरोप




गोपाल गंवाडे
**दैनिक रणजीत टाइम्स**

यूरोपीय संघ की विदेश मामलों की प्रमुख काया कल्लास ने कहा है कि इस्राएल की ओर से गाजा में जिस मदद को जाने दिया गया है, वो समुद्र में एक बूंद के बराबर यूरोपीय देशों ने इस्राएल से अपने राजनीतिक और आर्थिक संबंधों की समीक्षा की बात कही है. यह फैसला यूरोपीय संघ के विदेश मंत्रियों की मंगलवार को हुई बैठक के बाद लिया गया है. इस बात की जानकारी यूरोपीय संघ की विदेश मामलों की प्रमुख राजनयिक काया कल्लास ने दी. जानकार इसे छोटा लेकिन अहम कदम बता रहे हैं. इसके अलावा बुधवार को यूरोपीय संघ ने गाजा और वेस्ट बैंक के लिए 5 करोड़ यूरो की अतिरिक्त मदद की घोषणा भी की है. गाजा में जारी मानवीय संकट के बीच, इस्राएल पर दबाव बनाने के लिए कदम उठाए जाने की बढ़ती मांगों के बीच यूरोपीय संघ का इस्राएल के साथ राजनीतिक-आर्थिक संबंधों की समीक्षा का कदम, इस्राएल की सैन्य कार्रवाई को लेकर पहला औपचारिक कदम होगा असल में, इस्राएल के प्रधानमंत्री बेन्यामिन नेतन्याहू की गाजा में नए सिरे से सैन्य कार्रवाई की घोषणा के बाद वहां पैदा हुए मानवीय संकट के बीच यूरोपीय संघ पर भी इस्राएल के खिलाफ कदम उठाने का दबाव बढ़ा हुआ था फलीस्तीनी न्यूज एजेंसी वफा के मुताबिक बुधवार सुबह से अब तक गाजा पट्टी इलाके में इस्राएल के हमलों से कम से कम 45 लोगों की मौत हो चुकी है. मरने वालों में कई बच्चे भी हैं. एजेंसी ने गाजा के मेडिकल सूत्रों के हवाले से बताया है कि गाजा के उत्तर में जबालिया में, मध्य गाजा के दैर अल-बालाह में और दक्षिण गाजा के खान युनुस में की गई एयरस्ट्राइक में ये मौतें हुई हैं. इस संबंध में अभी इस्राएल की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गई है. हालांकि पिछले हफ्ते इस्राएल की सेना की ओर से शुरू किए गए बड़े हमले में रोज ही कई लोगों की मौत हो रही है।

## कई देशों और संस्थाओं ने की सैन्य कार्रवाई की आलोचना

इन नए हमलों के लिए इस्राएल की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आलोचना हुई है. आलोचना करने वाले देशों में इस्राएल के सहयोगी देश भी शामिल हैं. ब्रिटेन ने मंगलवार को इस्राएल के साथ व्यापार को लेकर चल रही बातचीत को रोक दिया है. ब्रिटेन ने इस्राएल के राजदूत को भी इस मामले में समन किया। इसी क्रम में यूरोपीय संघ की ओर से इस्राएल के साथ किए गए मुक्त व्यापार समझौते की समीक्षा करने की बात कही गई. हालांकि काया कल्लास ने 11 हफ्ते लंबी घेराबंदी के बाद गाजा में मानवीय मदद पहुंचाने की अनुमति देने की खबर का स्वागत भी किया. लेकिन उन्होंने कहा कि यह मदद समुद्र में एक बूंद के बराबर है. साथ ही उन्होंने स्थिति को एक त्रासदी भी बताया. वहीं डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स ने सिर्फ बेहद कम मदद को गाजा तक पहुंचने देने के लिए इस्राएली प्रशासन की आलोचना की है. संगठन ने इसे एक दिखावा बताया है।

## सच्चाई को लेकर यूरोपीय संघ की समझ गलतः इस्राएल

यूरोपीय संघ की ओर से इस्राएल के साथ संबंधों की समीक्षा की खबर के बाद इस्राएल ने काया कल्लास के बयान को नकारा है. इस्राएली विदेश मंत्री ने मंगलवार रात एक्स पर लिखा, "हम इस बयान में किए गए इशारे को पूरी तरह से खारिज करते हैं. यह दिखाता है कि इस्राएल जिस जटिल सच्चाई का सामना कर रहा है, उसे पूरी तरह से गलत समझा गया." कथित तौर पर यूरोपीय संघ के दस देशों ने यूरोपीय संघ की इस समीक्षा का समर्थन नहीं किया है. इस्राएली विदेश मंत्री ने उनके प्रति आभार भी जताया।

## गाजा में नहीं पहुंच रही पर्याप्त मदद

संयुक्त राष्ट्र ने मंगलवार को कहा गया था कि उसे गाजा में 100 ट्रक मदद भेजने की अनुमति मिल चुकी है. और धीरे-धीरे मानवीय मदद इलाके में पहुंच रही है. हालांकि संयुक्त राष्ट्र ने यह भी कहा था कि इलाके को रोज करीब 500 ट्रक मदद की जरूरत है. मार्च में इस्राएल ने गाजा स्थित आतंकवादी संगठन हमास के साथ अस्थाई सीजफायर को खत्म कर दिया था और इलाके में पहुंच रही मानवीय मदद रोकने के लिए प्रतिबंधों को बढ़ा दिया थाअप्रैल में यूरोपीय संघ की ओर से गाजा और वेस्ट बैंक में फलीस्तीनियों की मदद के लिए 1.6 अरब यूरो के तीन साल के वित्तीय मदद पैकेज की घोषणा की गई थी. कल्लास ने कहा है कि इस मदद को रास्ता दिया जाना चाहिए. उन्होंने कहा, "यूरोपीय पैसे से यह मदद की जा रही है, और यह लोगों तक जरूर पहुंचनी चाहिए."।

## फ्रांस, ब्रिटेन और कनाडा ने जारी किया बयान

ब्रसेल्स में हुई इस बैठक से पहले फ्रांस, ब्रिटेन और कनाडा की ओर से गाजा में इस्राएल के नए हमलों को लेकर एक संयुक्त आलोचनात्मक बयान जारी किया गया था. इस आलोचना में इस्राएल की ओर से गाजा में मदद ना पहुंचने देने को पूरी तरह से असंगत बताया गया. बयान में यह भी कहा गया था कि यह अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का संभावित उल्लंघन भी है. बयान में चेतावनी दी गई थी कि अगर गाजा में मानवीय मदद पहुंचने की अनुमति नहीं दी गई तो आगे और भी मजबूत कदम उठाए जाएंगे. हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया गया था कि वो कदम क्या होंगे।

## स्पेन ने की प्रतिबंधों की मांग

यूरोपीय संघ के कुछ सदस्य देश, खासकर स्पेन, आयरलैंड, नीदरलैंड्स और फ्रांस ने इस्राएल से ईयू के रिश्तों की औपचारिक समीक्षा की मांग की है. ये रिश्ते ईयू-इस्राएल एसोसिएशन एग्रीमेंट के तहत आते हैं. संधि का अनुच्छेद 2 कहता है कि मानवाधिकार उल्लंघन के गंभीर मामलों में इसे निरस्त किया जा सकता है. फ्रांस के विदेश मंत्री ज्यां नोएल बारो ने मानवाधिकार उल्लंघन स्थापित हो जाने के मामले में इस अनुच्छेद को लागू किए जाने की संभावना जताई. वहीं स्पेन भी इस्राएल पर प्रतिबंधों की मांग कर चुका है. यूरोपीय संघ के देशों जैसे जर्मनी, ऑस्ट्रिया, हंगरी और चेकिया ने इस्राएल के आत्मरक्षा के अधिकार का अक्टूबर, 2023 से ही मजबूती से समर्थन किया है. ये देश इस्राएल के खिलाफ कोई भी दंडात्मक कार्रवाई करने से बचते रहे हैं।

## लगातार जारी है इस्राएल के कदमों की समीक्षा

जर्मनी ने बार-बार इस्राएल के प्रति अपनी ऐतिहासिक जिम्मेदारी पर जोर दिया है. जर्मन राष्ट्रपति फ्रांक-वाल्टर श्टाइनमायर ने इसी महीने की शुरुआत में इस्राएल का दौरा किया था. उनका यह दौरा दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 60 वर्ष पूरे होने पर हुआ था. अपने दौरे के दौरान फ्रांक-वाल्टर श्टाइनमायर ने इस्राएली प्रधानमंत्री बेन्यामिन नेतन्याहू से मुलाकात भी की थी. इस दौरे के बाद भी यूरोपीय संघ के देशों के बीच इस्राएल को लेकर एक जैसी नीति ना होने का मुद्दा खड़ा हो गया था. बहुत से यूरोपीय देशों के इस्राएल से गहरे रिश्ते हैं।

## गाजा मुद्दे पर प्रभावहीन यूरोपीय संघ'

यूरोपीय संघ के कई अन्य देश, जैसे आयरलैंड, बेल्जियम और स्पेन के साथ ही हाल में फ्रांस ने भी गाजा में जारी इस्राएल की सैन्य कार्रवाई पर अपनी नाराजगी का इजहार किया है. मध्य-पूर्व में यूरोपीय संघ के पूर्व राजनयिक रहे जेम्स मोरान कहते हैं कि यूरोपीय संघ के देशों के बीच इन आंतरिक मतभेदों ने यूरोपीय संघ को प्रभावी रूप से हाशिये पर पहुंचा दिया है. उनके मुताबिक, यूरोपीय संघ राजनीतिक रूप से प्रभावहीन हो चुका है. एकता के बिना वो ज्यादा से ज्यादा यही कर सकते हैं कि मानवीय मदद दें और अन्य लोगों की ओर से चलाए जा रही राजनयिक पहलों का समर्थन करें।

### आईपीएल 2025:

# 23 मई को बंगलूरू में होने वाला आईपीएल मैच लखनऊ शिफ्ट

**लखनऊ, एजेंसी।** 23 मई को प्रस्तावित रॉयल चैलेंजर्स और सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला मौसम खराब होने के कारण लखनऊ में खेला जाएगा। इसके लिए हैदराबाद की टीम रोक ली गई है। बीते दिनों टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने वाले विराट कोहली आईपीएल में धूम मचा रहे हैं। अब बंगलूरू में 23 मई को प्रस्तावित रॉयल चैलेंजर्स और सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला मौसम खराब होने के कारण लखनऊ में शिफ्ट किया गया है। इस खबर के साथ शहर में विराट के प्रशंसक खुशी से झूम रहे हैं, क्योंकि अब उन्हें एक नहीं, बल्कि दो बार अपने पसंदीदा खिलाड़ी का जलवा देखने का मौका मिलेगा।




विराट को लेकर शहर में पहले से ही काफी उत्साह था। दरअसल, यहां 27 मई को लखनऊ और बंगलूरू का मैच तय है। विराट को खेलता देखने के लिए इस मुकाबले के टिकट काफी पहले ही बिक चुके हैं। अब 23 मई को इकाना स्टेडियम में हैदराबाद और बंगलूरू का मैच विराट प्रसंशकों के लिए बोनस है।

मंगलवार शाम को हैदराबाद की टीम बंगलूरू के लिए उड़ान भरने वाली थी, लेकिन उन्हें लखनऊ में ही रुके रहने के लिए कह दिया गया है। मुकाबले के लिए बंगलूरू टीम बुधवार को लखनऊ आ जाएगी। टीम का बृहस्पतिवार को इकाना स्टेडियम में अभ्यास का शेड्यूल भी है। इस दिन हैदराबाद की टीम भी अभ्यास कर सकती है।

**प्लेऑफ नहीं तो एक अतिरिक्त लीग मैच ही सही**

पिछले तीन साल से आईपीएल के मुकाबलों की मेजबानी करने वाले लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में पहली बार आठ मुकाबले खेले जाएंगे। पहले दो सत्रों में लखनऊ सुपरजायंट्स के घरेलू मैदान में सात-सात लीग चरण के मुकाबले खेले गए थे। हालांकि इस सत्र में आईपीएल के मुकाबलों को लेकर उमड़ी भीड़ को देखकर लगा था कि शायद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) लखनऊ को प्लेऑफ मुकाबले की मेजबानी दे दे, लेकिन ऐसा हो न सका। इसके बाद यहां एक अतिरिक्त मैच आने से स्टेडियम प्रबंधन भी उत्साहित है।

**बड़ी संख्या में दर्शकों के आने की उम्मीद**

हम प्लेऑफ के मुकाबले की मेजबानी का इंतजार कर रहे थे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। इसमें निराश होने की कोई बात नहीं है, क्योंकि अब प्रशंसक अपने पसंदीदा विराट कोहली को इकाना स्टेडियम एक नहीं, दो बार खेलते दिखेंगे। उम्मीद है कि इन मुकाबलों को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक अपनी उपस्थित दर्ज कराएंगे।

# धर्मशाला में होंगे अंतर जिला टी-20 क्रिकेट के सेमीफाइनल और फाइनल मैच



**धर्मशाला, एजेंसी।** प्रदेश क्रिकेट संघ की ओर से करवाई जा रही अंतर जिला सीनियर टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले धर्मशाला स्टेडियम में खेले जाएंगे। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ की ओर से करवाई जा रही अंतर जिला सीनियर टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले धर्मशाला स्टेडियम में खेले जाएंगे। वर्तमान में ऊना के संतोषगढ़ और पेखुबेला क्रिकेट मैदानों में अंतर जिला सीनियर टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मुकाबले खेले जा रहे हैं। इसमें पूल के मुकाबले भारत-पाक के बीच बढ़े तनाव से पूर्व ही करवा लिए थे। कांगड़ा, मंडी, सोलन, कुल्लू और लाहौल-स्पीति के बीच मैच खेले गए। इस पूल में कुल्लू की टीम अंकतालिका में पहले और कांगड़ा की टीम दूसरे स्थान पर रही। टूर्नामेंट में कांगड़ा और कुल्लू ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। वहीं, पूल बी के मुकाबले टूर्नामेंट की तिथि बदलने के चलते 17 मई से शुरू हुए हैं। पूल-बी में ऊना, हमीरपुर, शिमला, बिलासपुर, किन्नौर और सिरमौर के बीच लीग मुकाबले खेले जा रहे हैं। पूल बी में टॉप टू में रहने वाले टीमें 25 मई को धर्मशाला स्टेडियम में पूल-ए में टॉप पर रही कांगड़ा और कुल्लू के साथ सेमीफाइनल मुकाबले खेलेगी। सेमीफाइनल मुकाबलों में विजेता रहने वाले टीमों के बीच 26 मई को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

# शिखर धवन ने गुरुग्राम में खरीदा लग्जरी फ्लैट, कीमत है करोड़ों में



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और ओपनर बल्लेबाज शिखर धवन ने गुरुग्राम में 69 करोड़ रुपए में एक लग्जरी फ्लैट खरीदा है। यह फ्लैट गुरुग्राम के गोल्फ कोर्स रोड पर अत्यधिक भव्य परियोजना 'द डहलियाज' में है। इस अपार्टमेंट का साइज 6,040 वर्ग फुट है। रियल एस्टेट क्षेत्र में आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली फर्म सीआरई मैट्रिक्स के मुताबिक पंजीकृत समझौता चार फरवरी, 2025 को हुआ था। धवन ने गुइस संपत्ति का मूल्य 65.61 करोड़ रुपए है। स्टाम्प शुल्क 3.28 करोड़ रुपये है, जिससे कुल कीमत लगभग 69 करोड़ रुपए हो जाती है। पिछले साल अगस्त में हरियाणा के गुरुग्राम में शुरू हुए 'द डहलियास' परियोजना में 420 अपार्टमेंट और पेंटहाउस हैं। सीआरई मैट्रिक्स के माध्यम से प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार यहां प्रति स्क्वायर फीट अपार्टमेंट की कीमत 1,14,068 रुपए है। भारतीय क्रिकेट में 'गब्बर' नाम से के मशहूर शिखर धवन ने अगस्त 2024 में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की थी। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 2010 में विशाखापत्तनम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय मैच के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था और भारत के लिए उनका अंतिम मैच भी 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ 50 ओवर का खेल था। अपने करियर के दौरान, धवन ने भारत के लिए 34 टेस्ट, 167 एकदिवसीय और 68 टी20 मैच खेले।

### CSK की 10वीं हार के बाद फ्लेमिंग ने कहा...

# शायद यह उचित है कि हम सबसे नीचे हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यह लगभग तय है कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) आईपीएल 2025 में आखिरी स्थान पर समाप्त होगी, क्योंकि राजस्थान रॉयल्स से छह विकेट से हारने के साथ उनका पतन जारी रहा। मंगलवार को बड़ी संख्या में भीड़ - जिसमें बच्चे, वयस्क और वरिष्ठ नागरिक शामिल थे - ने कोटला में कड़ी गर्मी और कामकाजी सप्ताह के दिन का सामना किया और पीली जर्सी पहनकर और हर छोटे अवसर पर सीटी बजाकर एमएस धोनी एंड कंपनी के लिए जोरदार समर्थन दिखाया।

लेकिन सीएसके के उलझे हुए दृष्टिकोण - जैसे कि रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा को डेवाल्ड ब्रेविस और शिवम दुबे से आगे बढ़ाना - और गेंदबाजी में कोई भी पैनापन नहीं होना, ने उन्हें फिर से निराश किया।



मंगलवार के मुकाबले से पहले, मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा था कि सीजन को अच्छी तरह से खत्म करने का अवसर उनके लिए वास्तव में महत्वपूर्ण है। लेकिन आरआर से हार, जो इस सीजन की उनकी दसवीं हार थी, ने सीएसके को टी20 तालिका में काफी पीछे रहने की याद दिला दी। इसलिए, फ्लेमिंग को यह कहते हुए सुनना आश्चर्यजनक नहीं था कि सीएसके का अंक तालिका में सबसे नीचे रहना 'संभवतः उचित' है। हमें यहां नीचे रहना बिल्कुल पसंद नहीं है, लेकिन यह कोई प्रेरणा नहीं है। हम बस एक अच्छा प्रदर्शन चाहते थे। हम कुछ प्रदर्शनों को एक साथ जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य दो अच्छे प्रदर्शन करना था। अब बस एक अच्छा प्रदर्शन खत्म करना होगा। फ्लेमिंग ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, शायद यह उचित है कि हम सबसे नीचे हैं। हमने उस तरह का क्रिकेट खेला है, इसलिए आप इससे दूर नहीं रह सकते। लेकिन हम जो करना चाहते हैं, वह यह है कि मैदान पर बेहतर प्रदर्शन करें, जो टीम की क्षमता को दर्शाता है।

हालांकि सीएसके द्वारा 78 रन पर अपनी आधी टीम गंवाने के बाद 187/8 का स्कोर बनाना सराहनीय था, लेकिन यह स्कोर हमेशा ही आरआर की प्रेरित टीम को चुनौती देने के लिए अपर्याप्त था, जिसने अपने युवाओं के दम पर जीत हासिल की। कुछ खिलाड़ियों ने चेन्नई में भी ट्रेनिंग की थी। बस इसमें थोड़ी यात्रा शामिल थी। बाकी सब अच्छी बात है, लेकिन मुझे लगता है कि यह तालिका में हमारी स्थिति के हिसाब से अधिक है, अगर आप शीर्ष चार या पांच के आसपास हैं, तो वापस आकर प्रेरित होना और खेल में उतरना बहुत आसान है। फ्लेमिंग ने कहा, हम मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहे हैं। इन दो मैचों के लिए हमारी प्रेरणा बहुत अधिक रही है। ट्रेनिंग अच्छी रही है। तीव्रता ठीक थी। हम फिर से बीच में प्रदर्शन करने में कमी कर रहे हैं।

तमाम उथल-पुथल के बीच, सीएसके इस बात से खुश होगी कि आयुष म्हात्रे और डेवाल्ड ब्रेविस ने मंगलवार को किस तरह से प्रदर्शन किया, जिन्होंने क्रमशः 43 और 42 रन बनाते हुए कुछ बेहतरीन शॉट दिखाए। हालांकि सीएसके ने पावर-प्ले में 68 रन बनाए, एक ऐसा चरण जो उनके पतन का आधार रहा है, के बाद उन्होंने म्हात्रे सहित तीन विकेट खो दिए, और इससे 200 तक पहुंचने की उनकी इच्छा को चोट पहुंची।

# छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ में 27 नक्सलियों का एनकाउंटर

● डेढ़ करोड़ का इनामी नक्सली ढेर, 20 शव और हथियार बरामद, 1 जवान शहीद

**जगदलपुर (एजेंसी)।** नारायणपुर जिले में अबूझमाड़ के जंगल में बुधवार सुबह सुरक्षाबलों ने 27 नक्सलियों को मार गिराया है। सभी 27 शव और हथियार बरामद कर लिए गए हैं। मारे गए नक्सलियों में 1.5 करोड़ का इनामी बसवा राजू भी शामिल है। वहीं फायरिंग में डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) का एक जवान शहीद हो गया है। दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बीजापुर जिले की सरहद पर मुठभेड़ चल रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि अबूझमाड़ के बोटेर में नक्सलियों का पोलित ब्यूरो सदस्य और नक्सल संगठन का महासचिव बसवा राजू मौजूद है। इसी आधार पर फोर्स को रवाना किया गया था। अबूझमाड़ के बोटेर पहुंचते ही जवानों पर नक्सलियों ने फायरिंग कर दी। सुरक्षाबलों के इस ऑपरेशन को प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा ने बड़ी कामयाबी बताया है। पुलिस ने 7 दिन पहले ही प्रेस कॉन्फ्रेंस कर करेंगुट्टा ऑपरेशन की जानकारी दी थी। छत्तीसगढ़-



तेलंगाना बॉर्डर स्थित करेंगुट्टा के पहाड़ों पर सुरक्षाबलों ने 24 दिनों तक चले ऑपरेशन में 31 नक्सलियों को मार गिराया था। इनमें 16 महिला और 15 पुरुष नक्सली शामिल हैं। इस भीषण गोलीबारी में जवानों ने एक कुख्यात माओवादी को भी मार गिराया है, जिसके ऊपर 1.5 करोड़ रुपये का ईनाम था। इस माओवादी नेता का नाम बसवराजू था, जो 1970 के दशक से देश में चलाए गए माओवादी आंदोलन को सक्रिय बनाए हुए था। नक्सलियों के चीफ डेढ़ करोड़ का इनामी नम्बाला केशव राव उर्फ बसवा राजू उर्फ गगन्ना को डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के जवानों ने मार गिराया है। पुलिस फोर्स ने इसके करीब 30 नक्सलियों को मार गिराया है। जानकारी के मुताबिक एंटी नक्सल ऑपरेशन अभी भी जारी है। आपको बताते चलें कि नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ को नक्सलियों को अघोषित राजधानी भी कहते हैं। सुरक्षा बलों ने इसी अबूझमाड़ में नक्सलवाद को गहरी चोट मुठभेड़ के जरिए पहुंचाई है। नक्सल संगठन के शीर्ष नेतृत्व को ढेर कर देना बड़ी उपलब्धि बताई जा रही है। इस मुठभेड़ में मारे गए 30 नक्सलियों में कई सेंट्रल कमेटी के मेम्बर्स के भी मारे जाने की खबर है। इस मुठभेड़ में 1 जवान घायल हुआ है, लेकिन उसकी हालत खतरे से बाहर है। पुलिस बल का 1 सहयोगी भी शहीद हुआ है।

# काम वकील नहीं करना चाहते, दोष हम पर आता है

● कोर्ट में लंबित मामलों पर बोले सीजेआई बीआर गवई



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीते 14 मई सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेने वाले जस्टिस बी आर गवई ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों पर चिंता जताते हुए वकीलों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

सीजेआई गवई ने कहा है कि वकील छुट्टियों के दौरान काम नहीं करना चाहते हैं, लेकिन लंबित मामलों के लिए कोर्ट को दोषी ठहराया जाता है। बता दें कि मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ उस समय भड़क गई, जब एक वकील ने याचिका को गर्मी की छुट्टियों के बाद सूचीबद्ध करने की अपील की। इस दौरान सीजेआई गवई ने कहा, पांच न्यायाधीश छुट्टियों के दौरान बैठ रहे हैं और काम करना जारी रख रहे हैं, फिर भी लंबित मामलों के लिए हमें दोषी ठहराया जाता है।

असल में वकील ही छुट्टियों के दौरान काम नहीं करना चाहते हैं। गौरतलब है कि हाल ही में शीर्ष अदालत ने एक अधिसूचना जारी की है जिसके तहत जजों की पीठ आगामी ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान काम भी करेंगी। 26 मई से 13 जुलाई तक चलने वाली अवधि को पार्शियल कोर्ट वर्किंग डेज का नाम दिया गया है। इन आंशिक न्यायालय कार्य दिवसों के दौरान दो से पांच वेकेशन बेंच बैठेंगी। वहीं मुख्य न्यायधीश सहित सुप्रीम कोर्ट के शीर्ष पांच जज भी इस अवधि के दौरान अदालतें लगाएंगे। 26 मई से 1 जून तक सीजेआई गवई, जरिए सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस माहेश्वरी और जस्टिस बी वी नागरत्ना नेतृत्व करेंगे।

# अभियान की उपलब्धियां उत्कृष्ट टीम वर्क और प्लानिंग का नतीजा: राज्यपाल

● *संयमित जीवन शैली का पालन भारतीय संस्कृति की परिपाटी: मुख्यमंत्री यादव* ● *राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री ने निःक्षय शिविर अभियान के उत्कृष्टता पुरस्कार किए प्रदान*

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने सौ दिवसीय निःक्षय शिविर अभियान के संचालन में, टी.बी. उन्मूलन प्रयासों को विस्तारित करने, समाज के विभिन्न वर्गों के सहयोग से फूड बास्केट वितरण करने और 5 हजार से अधिक टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायतों की उपलब्धियों के लिए राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि राज्य की उपलब्धियां उत्कृष्ट टीमवर्क और प्लानिंग का नतीजा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय संस्कृति में उत्तम सुख निरोगी काया का भाव प्राचीन काल से ही विद्यमान रहा है। परिवारों में ऋतु आधारित आहार-विहार और संयमित जीवन शैली के विचार के व्यवहार में पालन की परिपाटी रही है। राज्यपाल श्री पटेल तथा मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 100 दिवसीय निःक्षय शिविर अभियान सम्मान समारोह और स्वस्थ यकृत मिशन का शुभारंभ राजभवन स्थित सांदीपनि



सभागार में किया। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि टी.बी. के उन्मूलन के लिए संक्रमण नियंत्रण और सही तरीके से समय पर पूरी मात्रा में दवा लेने के संबंध में भी जन जागृति के प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि टी.बी. की दवा को बीच में छोड़ने से रोगी दवाओं के प्रति ड्रग रजिस्टेंट हो जाता है। इससे इलाज कठिन और संक्रमण फैलने की संभावना भी बढ़ जाती है। उन्होंने नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज की चुनौतियों का उल्लेख करते हुए स्वस्थ यकृत मिशन शुभारंभ के लिये सरकार की सराहना की। राज्यपाल श्री पटेल ने कार्यक्रम में स्वस्थ लिवर की जांच के लिए बताए गए आसान तरीको से जांच करने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए कहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पतंजलि से लेकर घेरंड संहिता तक से हमें, काया को निरोगी बनाए रखने के सूत्र प्राप्त होते हैं।

भारतीय ज्ञान ग्रंथ भी यही विचार देते हैं कि जैसे पका हुआ फल अपना जीवन पूर्ण करता है, वैसे ही व्यक्ति भी अपनी जीवन यात्रा पूर्ण करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्यपाल श्री पटेल की प्रदेश वासियों के स्वास्थ्य को लेकर संवेदनशीलता सराहनीय है। राज्य सरकार वर्ष 2028 तक प्रदेश को टी.बी. मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में प्रत्येक स्तर पर सघन प्रयास जारी हैं।

# पूजा ने कौन सा गंभीर अपराध किया, जो हम उसे जमानत न दें

● यूपीएससी में धोखाधड़ी के आरोप पर बोला सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को आईएएस यानी भारतीय प्रशासनिक सेवा की पूर्व ट्रेनी अधिकारी पूजा खेडकर को अग्रिम जमानत दे दी। खेडकर पर सिविल सेवा परीक्षा में धोखाधड़ी करने और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) तथा दिव्यांगता श्रेणी के तहत आरक्षण का गलत लाभ उठाने का आरोप है। जस्टिस बी. वी. नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने खेडकर को जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा, उन्होंने कौन सा गंभीर अपराध किया है। वह मादक पदार्थ माफिया या आतंकवादी नहीं हैं। उन्होंने 302 (हत्या) नहीं की है। वह एनडीपीएस (मादक पदार्थ निषेध से संबंधित कानून) अपराधी नहीं हैं। आपके पास कोई प्रणाली या सॉफ्टवेयर होना चाहिए। आप जांच पूरी करें। उन्होंने सब कुछ खो दिया है और उन्हें कहीं नौकरी नहीं मिलेगी। पीठ ने कहा,मामले के तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यह एक उपयुक्त मामला है।

# बहन की मौत के बाद बाघिन ने पाले उसके बच्चे

● *अब छोड़े शावक, एमपी में पहली बार हुई ऐसी घटना* ● *चार साल तक पाला, शिकार करना सिखाया, अब छोड़ा*

**भोपाल।** सीधी जिले के संजय दुबरी टाइगर रिजर्व में एक अनोखी घटना सामने आई है। बाघिन टी28, जिसे 'मौसी' के नाम से भी जाना जाता है, ने अपनी बहन के तीन शावकों को चार साल तक पाला। बहन की मौत के बाद उसने उन्हें शिकार करना सिखाया और अब उन्हें खुद से अलग कर दिया है। यह एमपी में ऐसा पहला मामला है। 19 मई को शावक बाघिन से अलग दिखाई दिए। डीएफओ राजेश कन्ना टी और टमसार रेंजर असीम भूरिया के अनुसार, बाघिन ने अपनी बहन 'कमली' के शावकों को भी पाला था। इस असाधारण व्यवहार के कारण उसे मौसी, सुपर मॉम और



आइकॉनिक मॉम जैसे नामों से जाना जाने लगा। 16 मार्च 2021 को संजय टाइगर रिजर्व के दुबरी रेंज में एक दुखद घटना हुई। एक बाघिन, जिसका नाम कमली (टी18) था, ट्रेन से टकराकर घायल हो गई। वह लगभग 9 महीने पहले चार नर शावकों को जन्म दे चुकी थी। रेस्क्यू टीम ने कमली को बचाने की कोशिश की, लेकिन अगले दिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कमली के चार शावक जंगल में अनाथ हो गए। टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने उनकी देखभाल शुरू की। 24 घंटे गश्त के लिए वन अमले की ड्यूटी लगाई गई। शावकों को भोजन मुहैया कराया गया। जिस क्षेत्र में शावक रहते थे, वहां एक वयस्क बाघ टी-26 भी था। उसने चार में से एक शावक को मार डाला। यह दुखद था कि शावक को मारने वाला बाघ भी कमली का ही बच्चा था। इसके बाद कमली के तीन शावक बचे थे। कमली और टी28 (मौसी) सगी बहनें थीं। कमली को पहली बार जून 2020 में शावकों के साथ देखा गया था। टी28 ने भी अक्टूबर-नवंबर 2020 के आसपास तीन शावकों को जन्म दिया था। दोनों की मां टी11 थी। दोनों की टैरेटरी अलग-अलग थी, लेकिन कमली की मौत के बाद एक अजीब घटना देखने को मिली। टी28 के साथ शावक नजर आने लगे।